# भोपाल में छह नकलची पकड़ाए

## प्रदेश में कुल 17 नकल प्रकरण हुए दर्ज

▸ **माशिमं की 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा**

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 13 फरवरी. माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षा वर्ष 2026 का प्रश्नपत्र शुक्रवार को प्रदेशभर में शांतिपूर्वक संपन्न हुए.**

लेकिन इस बीच सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चली हायर सेकंडरी परीक्षा में कुल 17 नकल प्रकरण सामने आए. इनमें जिला भोपाल में 6 मुरैना में 6, मंदसौर, इंदौर, बैतूल, जबलपुर और सिवनी में 1-1 प्रकरण दर्ज किये गये हैं. जबकि हाईस्कूल परीक्षा में एक भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ. बोर्ड प्रशासन का कहना है कि सभी केंद्रों पर उड़नदस्तों की सतत निगरानी और सख्त दिशा निर्देशों के कारण स्थिति नियंत्रण में है और परीक्षाएं सुचारु रूप से चल रही हैं.



नकल मुक्त परीक्षा को लेकर मंडल ने स्पष्ट संदेश दिया है कि पारदर्शिता और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा. वहीं सख्ती के बीच विद्यार्थियों ने भी अनुशासन का परिचय दिया. प्रदेशभर में शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न होने से शिक्षा मंडल ने संतोष व्यक्त किया है.

### 16 लाख अभ्यर्थी दे रहे हैं परीक्षा

बता दें इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में लगभग 9 लाख अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं जबकि हायर सेकेंडरी परीक्षा में करीब 7 लाख परीक्षार्थी सम्मिलित हैं. आगामी परीक्षा में हाईस्कूल के छात्रों का अंग्रेजी विषय और हायर सेकेंडरी के विद्यार्थियों का रसायन शास्त्र का प्रश्नपत्र आयोजित किया जाएगा.



## शिवराज ने दिग्विजय को कहा धन्यवाद

**नई दिल्ली.** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के सीहोर, रायसेन और नर्मदापुरम में मूंग की फसल के सवाल के जवाब में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्हें मेरे संसदीय क्षेत्र की इतनी चिंता है.

चौहान ने सिंह के संसद में एक सवाल के जवाब में कहा कि सीहोर, रायसेन और हरदा में मूंग की भरपूर पैदावार हो रही है. इसलिए उसके लिए अलग से क्लस्टर की जरूरत नहीं है. मूंग की फसल की वृद्धि के प्रयास हमारी सरकार ने ही किए थे और आज भी हम कर रहे हैं.



## आयुर्विज्ञान विवि के कुलपति ने किया परीक्षा का निरीक्षण

**नवभारत प्रतिनिधि,**

**भोपाल, 13 फरवरी. मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ. अशोक खंडेलवाल ने शुक्रवार को गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल के परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया. परीक्षा व्यवस्था को करीब से परखने पहुंचे कुलपति ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और विद्यार्थियों से सीधे संवाद भी किया.**

निरीक्षण के दौरान अधिष्ठाता एवं मुख्य केंद्राध्यक्ष डॉ. कविता एन सिंह उनके साथ रहीं. उन्होंने परीक्षा केंद्र की कार्यप्रणाली की पूरी जानकारी दी और परीक्षाओं के दौरान आने वाली व्यावहारिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की. कुलपति ने भरोसा दिलाया कि विश्वविद्यालय स्तर पर इन समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा.

उन्होंने केंद्र के रखरखाव और कार्यशैली को संतोषजनक बताया. निरीक्षण के समय परीक्षा केंद्राध्यक्ष और समन्वयक डॉ. प्रियंवदा कुरवेती, डॉ. मेहुल अग्रवाल, डॉ. गौरव शर्मा तथा कर्मचारी परमानंद और देवराज मौजूद रहे. इसके बाद कुलपति कॉलेज के पुस्तकालय पहुंचे. वहां उन्होंने छात्र-छात्राओं से सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और यह भी पूछा कि विश्वविद्यालय से वे किस तरह के सहयोग की अपेक्षा रखते हैं. इस अवसर पर विद्यार्थियों ने खुले मन से अपनी बात रखी.

# गेहूं खरीदी के पंजीयन शुरू न होने से किसान चिंतित

## महिला कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

**बैरसिया 13 फरवरी, मध्यप्रदेश में किसानों की कृषि उपज के फसल पंजीयन की प्रक्रिया 7 फरवरी से शुरू होना थी, लेकिन बैरसिया तहसील में पंजीयन कार्य आज तक प्रारंभ नहीं हो सका है.**

किसान पंजीयन सेंटरों के रोज चक्कर लगा रहे हैं और जिम्मेदार सहायक कनिष्ठ खाद्य अधिकारी मयंक द्विवेदी गायब हैं. उन्हें हटाया जाए, शुक्रवार को यह आरोप महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव राजकुमारी सुंदरलाल केवट ने लगाया। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से तत्काल पंजीयन प्रक्रिया चालू कराने की मांग की है. कांग्रेस नेत्री केवट का आरोप है कि तहसील बैरसिया में किसानों की फसलों की गिरदावरी और रिकॉर्ड अपडेट न होने से पंजीयन प्रक्रिया अटकी हुई है. इधर रोजाना किसान पंजीयन सेंटर से वापस लौट रहे हैं. महिला कांग्रेस महासचिव ने शासन-प्रशासन से अनुरोध किया है कि आगामी तीन दिन के भीतर पंजीयन शुरू कराएं, अन्यथा महिला कांग्रेस द्वारा किसानों के साथ आंदोलन किया जाएगा.



## राज्य निर्वाचन आयोग का स्थापना दिवस समारोह 16 फरवरी को

**भोपाल,13 फरवरी. मप्र राज्य निर्वाचन आयोग का 32वां स्थापना दिवस समारोह 16 फरवरी को आयोजित किया जायेगा. समारोह के मुख्य अतिथि भारत निर्वाचन आयोग के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त ओपी. रावत होंगे.**

रावत वन नेशन-वन इलेक्शन में स्थानीय निर्वाचन की भूमिका विषय पर व्याख्यान देंगे. पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त आर परशुराम स्थानीय निर्वाचन में सुधार की चुनौतियां विषय पर उद्बोधन देंगे. नरेन्द्र कुमार सिंह जमीनी लोकतंत्र में पारदर्शी एवं निष्पक्ष चुनाव विषय पर और एडवोकेट सिद्धार्थ सेठ स्थानीय निर्वाचन में न्यायालयीन सबक विषय पर उद्बोधन देंगे.

# 5 लापता नाबालिग सकुशल मिले

## पुलिस की त्वरित कार्रवाई

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल,13 फरवरी. मध्यप्रदेश पुलिस ने नरसिंहपुर और शिवपुरी जिलों में दो अलग-अलग कार्रवाइयों के दौरान पांच लापता नाबालिग बच्चों को सकुशल दस्तयाब कर सफलता हासिल की है.**

यह कार्रवाई बाल सुरक्षा के मामलों में पुलिस की तत्परता, संवेदनशीलता और पेशेवर दक्षता को रेखांकित करती है. नरसिंहपुर जिले में 10 फरवरी को थाना गोटेगांव क्षेत्र से 9 और 8 वर्ष की दो बालिकाओं के लापता होने की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल सघन तलाश शुरू की. पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश के नेतृत्व में चार विशेष टीमों का गठन किया गया. टीमों ने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में खोजबीन की तथा सीसीटीवी फुटेज की भी गहन जांच की.



लगातार प्रयासों के बाद दोनों बालिकाएं ग्राम कमती सेमरावारी के खेत में एक पेड़ के पास झाड़ियों में सुरक्षित मिलीं. पूछताछ में सामने आया कि परिजनों की डांट के डर से वे स्वयं छिप गई थीं. बाद में उन्हें परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया. इसी प्रकार शिवपुरी जिले में 12 फरवरी को एक हॉस्टल से 14, 15 और 17 वर्ष के तीन बालकों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज की गई.

# डेढ़ करोड़ में हुआ विवाद समाप्त

## फिल्मी अंदाज में तलाक का समझौता

**भोपाल, 13 फरवरी. मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में एक पारिवारिक विवाद का अनोखा मामला सामने आया है, जिसकी तुलना वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म जुदाई से की जा रही है. हालांकि यह मामला पूरी तरह कानूनी प्रक्रिया के तहत आपसी सहमति से सुलझाया गया है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार 42 वर्षीय एक केंद्रीय सरकार के अधिकारी का अपनी 54 वर्षीय सहकर्मी से प्रेम संबंध हो गया. इस संबंध के कारण उनके दांपत्य जीवन में तनाव बढ़ गया और मामला कुटुंब न्यायालय तक पहुंच गया. दंपत्ति की दो बेटियां भी हैं, जिन पर पारिवारिक विवाद का प्रभाव पड़ रहा था. न्यायालय में सुनवाई के दौरान पति ने स्पष्ट रूप से कहा कि वह अपनी पत्नी के साथ आगे नहीं रहना चाहता और सहकर्मी के साथ जीवन बिताना चाहता है. इस पर पत्नी ने तलाक के बदले एक डुप्लेक्स फ्लैट और 27 लाख रुपये नकद की मांग रखी.

बताया गया है कि कुल मिलाकर लगभग डेढ़ करोड़ रुपये मूल्य के इस समझौते को स्वीकार कर लिया गया. इसके बाद दंपत्ति ने आपसी सहमति से तलाक की प्रक्रिया पूरी की. मामला सामने आने के बाद शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है. सोशल मीडिया पर भी इसे फिल्मी कहानी से जोड़कर देखा जा रहा है.

# स्थापना दिवस पर स्वास्थ्य शिविर लगाया

**भोपाल, 13 फरवरी. आरकेडीएफ ग्रुप के 32 वें स्थापना दिवस पर जाटखेड़ी में स्वास्थ्य सेवा का विशेष आयोजन किया गया. सर्वपल्ली राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ आयुर्वेद हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य और पंचकर्म चिकित्सा शिविर लगाया गया.**

इसमें सैकड़ों मरीजों ने लाभ लिया. शिविर में मरीजों की जांच और परामर्श किया गया. दूरदराज से आए लोगों ने उपचार के साथ साथ जीवनशैली से जुड़ी उपयोगी सलाह भी प्राप्त की.

कई मरीजों ने कहा कि महंगे इलाज के दौर में इस तरह का शिविर उनके लिए बड़ी राहत साबित हुआ.




संस्था के प्राचार्य डॉ. राकेश पाण्डेय ने बताया कि शिविर में डॉ शैली लोकारे, डॉ शैलजा कसेट्टी, डॉ. पंकज पेशवानी, डॉ. कीर्ति पटेल, डॉ. मुन्नालाल, सुषमा सिंह सहित जूनियर डॉक्टर्स और छात्रों ने सेवा दी. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों ने भी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए वस्त्र वितरण फल वितरण स्वास्थ्य शिविर और पौधारोपण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए.

# अंबाह में 40 लाख की सशस्त्र डकैती का हुआ खुलासा

## अंतर्राज्यीय गिरोह के 5 सदस्य गिरफ्तार

**मुरैना, 13 फरवरी. मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के अंबाह कस्बे में राबिया किन्नर के घर हुई लगभग 40 लाख रुपये की सशस्त्र डकैती का पुलिस ने खुलासा करते हुए अंतर्राज्यीय गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है.**

आरोपियों के कब्जे से करीब 16 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर तथा एक लाख 49 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं. पुलिस सूत्रों के अनुसार 16 और 17 जनवरी की मध्यरात्रि अंबाह कस्बे की दोहरी रोड स्थित बजरंग कॉलोनी निवासी राबिया किन्नर के घर में हथियारबंद डकैतों ने धावा बोल दिया था. बदमाशों ने राबिया और उनके अन्य किन्नर साथियों को हथियारों की नोक पर बंधक बनाकर सोने-चांदी के जेवर और नगदी सहित करीब 40 लाख रुपये की संपत्ति लूट ली थी. घटना के बाद पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ के निर्देशन में पांच विशेष टीमें गठित की गई थीं. पुलिस ने वारदात के तरीके का विश्लेषण करते हुए 500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले और साक्ष्य एकत्र किए. इसके आधार पर राजस्थान और उत्तरप्रदेश में दबिश देकर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. पुलिस ने डकैती में प्रयुक्त कार भी जब्त कर ली है. गिरोह के अन्य फरार सदस्यों की तलाश जारी है.

# महामना एक्सप्रेस में लगेंगे एलएचबी कोच

**भोपाल, 13 फरवरी. रेल प्रशासन ने गाड़ी संख्या 22163/ 22164 भोपाल-खुजराहो-भोपाल महामना एक्सप्रेस और 22187/ 22188 रानी कमलापति-आधारताल-रानी कमलापति एक्सप्रेस के पारंपरिक ICF कोचों को आधुनिक LHB कोचों से बदलने का निर्णय लिया है.**

भोपाल-खुजराहो-भोपाल महामना एक्सप्रेस 15 फरवरी 2026 से तथा रानी कमलापति-आधारताल-रानी कमलापति एक्सप्रेस 16 फरवरी 2026 से एलएचबी रैक से संचालित होंगी.

दोनों ट्रेनों में कुल 21 कोच होंगे, जिनमें 2 एसी चेयरकार, 2 थर्ड एसी, 9 द्वितीय श्रेणी, 6 सामान्य श्रेणी, 1 एसएलआरडी और 1 जनरेटरकार शामिल हैं.



एलएचबी कोचों से यात्रा के दौरान सुरक्षा, आराम और गति में सुधार होता है, साथ ही झटके कम लगते हैं. रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे अपनी यात्रा से पहले कोच संरचना और आरक्षण की स्थिति की पुष्टि कर लें, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके.

यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे आरक्षण विवरण और प्लेटफार्म/कोच जानकारी समय से देख लें.

### होली पर भोपाल से चलेगी चार जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

होली पर्व पर अतिरिक्त यात्री भीड़ को देखते हुए चार जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं. यात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केंद्र या आईआरसीटीसी की वेबसाइट से इन ट्रेनों का आरक्षण कर सकते हैं. इनमें रीवा-रानी कमलापति सुपरफास्ट स्पेशल (02192/ 02191) 28 फरवरी को, रीवा-रानी कमलापति सुपरफास्ट स्पेशल (02186/ 02185) 2 और 3 मार्च को, भोपाल-रीवा स्पेशल (01704/ 01703) 5 मार्च को. और रानी कमलापति-दानापुर स्पेशल (01667/01668) 27 फरवरी, 2 मार्च और 28 फरवरी, 3 मार्च को संचालित होंगी.

## फैक्ट्री के धुएं से फसल खराब, दल ने की जांच

**सलामतपुर.** दीवानगंज क्षेत्र में किसानों की फसल को हुए नुकसान का मामला अब प्रशासनिक जांच के दायरे में आ गया है. यहां 8 किसानों की चना और गेहूं की फसल पकने से पहले ही खराब हो गई. किसानों का आरोप है कि खेतों के समीप स्थित मध्य भारत फैक्ट्री से रात के समय निकलने वाले धुएं के कारण उनकी फसलें सूख गईं. किसानों ने इस संबंध में मंगलवार को अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था, जिसे मीडिया में भी प्रमुखता से उठाया गया. खबर सामने आने के बाद प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए तहसीलदार के नेतृत्व में गठित जांच दल को मौके पर भेजा. जांच दल ने खेतों का निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया. हल्का पटवारी सुरेश शर्मा ने बताया कि निरीक्षण रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपी जाएगी. इसके बाद कृषि विभाग के वैज्ञानिकों की टीम मौके पर आकर तकनीकी जांच करेगी, जिसके आधार पर आगे का निष्कर्ष निकाला जाएगा.

## तुलसीपार गांव में 18 माह से बिजली बंद

**बेगमगंज.** निकटवर्ती ग्राम तुलसीपार में बिजली बिल बकाया होने के कारण विभाग द्वारा डीपी उतारे जाने के बाद से गांव अंधकार में है। गत दिनों तुलसीपार में समस्या समाधान शिविर में पहुंचे कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा को जब स्टूडेंट्स एवं ग्रामवासियों द्वारा 18 माह से बिजली बंद होने की शिकायत की तो उन्होंने एसडीएम सौरभ मिश्रा को बिजली अधिकारी से तत्काल डीपी रखवाकर बिजली चालू किए जाने के निर्देश दिए थे.


**OFFICE OF THE SECRETARY**
**KRISHI UPAJ MANDI SAMITI**
**Ichhawar, Distt. : Sehore**

**No./Nirman/25-26/654** **Ichhawar, Dated : 03.02.2026**

**NOTICE INVITING TENDER (IInd Call)**

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for **Work no. 01 Extension of Office Building at Mandi Yard Ichhawar. Tender Number : 2026_MPSAM_482386_1 (PAC amount Rs. 36.09 Lakh), Work no. 02 Construction of CC Road Between Coverd Shed and Trolly Shed at Mandi Yard Ichhawar. Tender Number : 2026_MPSAM_482387_1 (PAC amount Rs. 45.13 Lakh)** The following works Tender to be received online up to 5:30 PM on Dated 10.03.2026 Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http:// mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Note :-** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/ Development works and locations & key dates can also be seen on our website **www. mpmandiboard.gov.in**

M.P. Madhyam/124472/2026 **SECRETARY**


आरोप 90 प्रतिशत सब्सिडी का वादा किया सरकार ने, बैंक लोन के बोझ में दब गए किसान : मुकेश नायक

# सौर पंप योजना पर उठाए गंभीर सवाल

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल,13 फरवरी. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष डॉ. मुकेश नायक ने शुक्रवार को राज्य सरकार की सौर पंप योजना पर गंभीर सवाल उठाए. उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को 90 प्रतिशत सब्सिडी का वादा किया गया, लेकिन वास्तविकता में उन्हें भारी बैंक ऋण के बोझ तले धकेल दिया गया है.**

नायक ने आधिकारिक ऋण स्वीकृति पत्रों और बैंक दस्तावेजों का हवाला देते हुए योजना की वित्तीय संरचना को 'गंभीर रूप से चिंताजनक' बताया. पार्टी द्वारा समीक्षा किए गए दस्तावेजों के अनुसार सौर पंप की कुल परियोजना लागत 4,04,475 रुपये दर्शाई गई है, जबकि वास्तविक सब्सिडी मात्र 1,09,537 रुपये दर्ज है. किसानों से 41,537 रुपये मार्जिन मनी के रूप में जमा कराए गए और उनके नाम पर 2,53,402 रुपये का बैंक ऋण स्वीकृत किया गया.

यह ऋण 8.30 प्रतिशत ब्याज दर पर दिया गया है, जिसकी 84 महीनों तक लगभग 3,987 रुपये मासिक किस्त निर्धारित की गई है. चूक की स्थिति में दंडात्मक ब्याज का भी प्रावधान है.

## किसानों पर ढाई लाख से अधिक का ऋण क्यों?

डॉ. नायक ने सवाल किया कि यदि 90 प्रतिशत सब्सिडी दी गई है तो किसानों पर ढाई लाख रुपये से अधिक का ऋण क्यों डाला गया. उन्होंने वास्तविक सब्सिडी प्रतिशत स्पष्ट करने और इसे पारदर्शी तरीके से सार्वजनिक करने की मांग की. साथ ही पूछा कि क्या किसानों को यह स्पष्ट रूप से बताया गया था कि 10 प्रतिशत अंशदान जमा करने के बाद भी उन्हें भारी बैंक देनदारी उठानी पड़ेगी. उन्होंने यह भी जानना चाहा कि क्या बैंकों के माध्यम से सौर कंपनियों को पूरा भुगतान पहले ही जारी कर दिया गया है.



तथा इस प्रक्रिया में किसी बिचौलिए या कमीशन एजेंट की भूमिका रही है या नहीं.

कांग्रेस नेता ने किसानों पर डाले गए ऋण की पुनर्समीक्षा करने, शेष वित्तीय बोझ सरकार द्वारा वहन किए जाने और पूरे मामले की स्वतंत्र न्यायिक जांच कराने की मांग की.

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में किसान आज भी सिंचाई के लिए 10 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए संघर्ष कर रहे हैं और कई गांवों में घरेलू बिजली की नियमित आपूर्ति भी नहीं है. ऐसे में सौर योजना राहत देने के बजाय ऋण आधारित कार्यक्रम बनती दिखाई दे रही है.


**M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED**
**Office of The Addl. Chief Engineer (THC), Sirmour, Rewa (M.P.)**

**NOTICE INVITING TENDER (THROUGH E-TENDERING PROCESS ONLY)**

M.P. Power Generating Co. Ltd. invites e-tenders from reputed Manufacturer/Authorised Dealer/Supplier/ Distributer for the following items :-

| Tender No. | Tender Particulars | Estimated Cost in Rs. (inclusive of Taxes)/Tender cost in Rs./ Period | EMD in Rs. | Date and Time for Closing of Online Submission | Date & Time of e-opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_ MPPGC_ 461245_2 | Procurement of HVOF coated SS throat ring (in eight parts) along with hardwares for unit#1 at 3x105 MW, THPS-I, MPPGCL, Sirmour | 33.98 Lakh/ 1000/- | 68000/- | 25.02.2026 Up to 16:00 hrs. | 27.02.2026 from 16:00 hrs. onwards |

For further details of Amendments/Extensions/Corrigendums etc. please visit website **https:// mptenders.gov.in** in regularly. No separate information shall be published in print media for instant tender.

M.P.Madhyam/124481/2026 **// Save Electricity //** **ADDL. CHIEF ENGINEER (THC)**